खबर संक्षेप

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**मण्डला।** माननीय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/ विशेष पॉक्सो श्रृंखला न्यायालय नैनपुर जिला मण्डला द्वारा आरोपी दिनेश परते पिता नंदकिशोर परते उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 ठेकेदारी मोहल्ला नैनुपर जिला मण्डला को धारा 5(j) (ii)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोक्त्री ने थाना नैनपुर में उपस्थित होकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि नैनपुर मे रहती है। यह कक्षा नवमी तक पढ़ी-लिखी है, जब वह कक्षा आठवी में पढ़ती थी तब से उसकी जान-पहचान दिनेश परते से हो गई थी। उसकी मम्मी रोज सुबह से मजदूरी करने घर से बाहर चली जाती थी और घर में केवल उसके पापा रहते थे। उसके स्कूल की जब छुट्टी रहती थी तब दिनेश उसे बात करने के लिए नैनपुर से गले फिल्टर प्लांट के पास बुलाता था। दिनांक 15.03. 2020 रविवार के दिन होली के समय दिनेश परते ने उससे कहा कि जरूरी बात करना है तुल प्लांट आ जाना। वह दोपहर करीब 12.00 बजे फिल्टर प्लांट पहुंची थी जहां सब सुनसान था और दिनेश जामुन के झाड़ के नीचे बैठा हुआ था। दिनेश ने उससे कहा था कि किसी को कुछ नहीं बताना जिससे वह डर गई थी और किसी को कुछ नहीं बतायी थी। इसके बाद दिनेश उससे शादी करने का बोलकर लगातार कई बार अपने पास बुलाकर उसके साथ जबरजस्ती बलात्कार गलत काम करता था।

### प्रस्तावित कृषि उपज मण्डी बनेगी चटुआमार में

# गाजीपुर में बनेगा नया बस स्टैण्ड

*** आयुष कॉलेज भी चटुआमार में ही बनेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गाजीपुर में बस स्टेंड के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि स्थल का सीमांकन करें। साथ ही फेंसिंग कर बाऊँड्री को सुरक्षित करें। जमीन के समतलीकरण के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बोल्डर तथा मलबा का उपयोग करें। उन्होंने नगरपालिका को निर्देशित किया कि प्रवेश द्वार निकास द्वार के हिसाब से डिजाईन तैयार करें। नर्मदा घाट व स्टेडियम के आरसीसी वेस्ट का उपयोग समतलीकरण के लिए करें।

### कृषि उपजमंडी के लिए प्रस्तावित भूमि का अवलोकन

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कृषि उपजमंडी के लिए ग्राम चटुआमार में प्रस्तावित भूमि का अवलोकन किया। शासकीय भूमि में लगी गेहूं की फसल के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह तक प्रपोजल तैयार करें। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसएलआर एवं नायब तहसीलदार हीरालाल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### आयुष कॉलेज को आवंटित भूमि का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

मंडला विकासखंड के भ्रमण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयुष कॉलेज को चटुआमार बायपास में आवंटित की गई भूमि का निरीक्षण किया। वर्तमान में 2 हेक्टेयर भूमि में लगी गेहूं की फसल के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया के संबंध में भी चर्चा की। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसएलआर एवं नायब तहसीलदार श्री हीरालाल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।





## कॉम्प्लेक्स के मलवा के कारण नाला एवं नालियां जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

बस स्टैंड नारायणगंज में सुलभ कंपलेक्स बने के बाद वहां का मालवा पूरा नाले में जमा हो जाने के कारण आसपास की सभी नालियां जाम हो गई हैं जिसका पानी रोड में बह रहा है इस दूषित पानी की निकासी के लिए कोई भी काम नहीं किया जा रहा है जिससे गर्मियों में दूषित पानी बहने के कारण बीमारी का खतरा बना रहता है जनपद स्तर में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज को भी अवगत कराया गया परंतु इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है नाली का पानी मुख मार्ग में बह रहा है जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि पडरिय ग्राम पंचायत की जितने भी नाली हैं उनकी पानी की निकासी इसी नाले से होकर जाती हैं परंतु नाला जाम होने के कारण दूषित पानी रोड में बह रहा है ग्राम पंचायत एवं जनपद निधियां का कहना है कि अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई दुबे अपनी मांग आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।



## शिव पुराण की कथा के चतुर्थ दिवस में निकली भगवान शिव की भव्य बारात



**भुआबिछिया।** हनुमान मंदिर प्रांगण जंतीपुर में जारी शिव पुराण की कथा के चतुर्थ दिवस में व्यासपीठ पर आसीन पं. रामगोपाल उपाध्याय ने शिव और सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब सीता का भेष धारण कर सती राम की परीक्षा लेने गईं, तब राम ने सती को तुरंत ही पहचान लिया। उनको हाथ जोड़कर प्रणाम किया। अपना भेद खुल जाने पर मां सती लज्जित होते हुए वहां से अंतर्ध्यान होकर शिवजी के पास पहुंची। उधर शिवजी भी सती के इस कृत्य से दुखी हो जाते हैं और राम नाम का सुमिरन करने लगते हैं। तब सती ने शिवजी से अपनी भूल के लिए क्षमा मांगी। कथा वाचक रामगोपाल उपाध्याय ने कहा शिवजी और सती की कहानी, शिवपुराण, श्रीमद् देवी भागवत, और शक्तिपीठांक जैसे कई ग्रंथों में मिलती है. शिवजी पार्वती जी के परिणय पर भव्य बारात सम्पूर्ण जंतीपुर में नंदी पर शंकर जी को सवार कर नाचने गाते बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन, महिला बच्चे शामिल होकर कथा स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण समिति एवं यादव समाज अध्यक्ष योगेश चिक्कू यादव के मार्गदर्शन में निकाली गई। जहां भव्य स्वागत के साथ परिणय कराया गया। व्यासपीठ पर आसीन पं रामगोपाल उपाध्याय का साल श्रीफल से पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव, समाज सेवी पी एल दीक्षित, पं.अश्वनी मिश्रा, चेतराम सिंगौर, उपेन्द्र चौबे ने किया। मानव कल्याणार्थ 17 फरवरी को कलश यात्रा स्थापना पूजन के साथ गोपाल प्रसाद जोगी कृष्णा जोगी द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रति दिन दोपहर में 2 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। 26 फरवरी से अखंड राम धुन 27 फरवरी तक चलेगी।इसी दिन हवन पूजन पूर्णाहुति भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।

## लोटस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में पहुँचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महात्मागांधी स्टेडियम मंडला में आयोजित लोटस कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच मेकल मंडला एवं एमपी इलेवन के बीच शुक्रवार को खेला गया। मैच की शुरूआत में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा मैदान पर पहुँचे। अधिकारी द्वय ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। एम्पायर्स की उपस्थिति में अधिकारियों ने टॉस कराया एवं मैच की शुरूआत की घोषणा की। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के पार्षदगण तथा खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### खुले में मांस-मछली विक्रय पर चालानी कार्यवाही, 6500 रूपए के चालान काटे गए

**मण्डला।** कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंडला के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने पर बस स्टैंड, लालीपुर चौराहा एवं सुपर मार्केट मछली बाजार में खुले में मांस-मछली विक्रय करने पर चालानी कार्यवाही की गई जिसमें 6500 रूपये के चालान काटे गए। विक्रेताओं को मांस मछली को खुले में काटकर विक्रय ना करने, ढक्कर रखने और समस्त व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने एवं नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मण्डला श्री विनोद कछवाहा के द्वारा लोगों से अपील की गई है कि बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करें, नगर के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलायें, नर्मदा तट में पूजा पाठ से निकली निर्माल्य सामग्री को नर्मदा के जल में विसर्जित न करें। स्वच्छ सर्वेक्षण में सहभागी बनें। घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर नगर पालिका के डोर टू डोर कचरा वाहन में डालें।

## निशार कुरैशी ने मधुमक्खी पालन के बजट लिए मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भोपाल मे जैविक खेती पद्धति एवं मूल्य संवर्धन कार्यशाला के अवसर पर दो दिवसीय जिला के उत्पाद प्रदर्शन मे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला के स्टॉल पर आये, उन्हें निशार कुरैशी मधुमक्खी एक्सपर्ट के द्वारा ध्यान आकर्षित कराते हुए अनुरोध किया गया की मधुमक्खी पालन का मंडला जिला मे बहुत सम्भावना है किन्तु विभागीय बजट पिछले 20 सालो से वही चल रहा है जिसके कारण मडला के किसान को मधुमक्खी पालन कार्य कराने मे असुविधा हो रही है, मुख्यमंत्री ने पूरी बातों को गंभीरता से सूना और सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये, जैसा की ज्ञात है शहद के क्षेत्र मे निशार कुरैशी द्वारा मधुमक्खी संरक्षण और इससे लोगो को प्रशिक्षण देखकर रोजगार उपलब्ध करा रहे है, जैसा की मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स की राशि है किन्तु उनका प्रशिक्षण टूल किट एवं शहद निकालने के एक्यूपमेंट का बजट नहीं है, जिसके कारण मंडला के किसान इस योजना को गंभीरता से नहीं ले रहे है मुख्यमंत्री के पूर्व क़ृषि मंत्री को मेरे एवं मंडला क़ृषि विभाग सेआर. डी. जाटव के द्वारा प्रोडक्ट और श्री अन्न की जानकारी दी गईं इस अवसर पररायसिंग सोलंकी एवं जबलपुर रीजन से नेताम सर के द्वारा जिले के कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी गईं, भोपाल मे दो दिवसीय कार्यशाला मे प्रदेश भर के किसान कम्पनी के स्टॉल लगाए गए मुख्यमंत्री को मंडला जिला के शहद, कुकीज, कुटकी चिया सीड आदि गिफ्ट किया गया।

मुहिम | निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का हुआ आयोजन।

# स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

*** जल संरक्षण को मानो जीवन का अभिन्न अंग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना मुखी महात्मा अनिल बानी जी के पावन सान्निध्य में संगम घाट महाराजपुर मंडला पर किया गया । इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके।

संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं,बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे।



संत निरंकारी मंडल ब्रांच मंडला के मुखी अनिल बानी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित है। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

## नगर में बॉलीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न



*** जबलपुर विजेता और ग्वालियर टीम उप विजेता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विगत दिनों ऐतिहासिक गाँधी मेला के शुभ अवसर पर बी. आर. सी. ग्राउंड बिछिया में तीन दिवसीय बाली बाल प्रतियोगता अधिकारी, कर्मचारी एवं ब्यापारी गड़ो के सयुंक्त तत्वाधान में ऑल इंडिया बॉलीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.इस आयोजन में क्रमशः डब्लू. सी. आर. जबलपुर, एल. एन. आई. पी. ई. ग्वालियर, राजस्थान हनुमान गड़, पंजाब साईं, इन्कमटैक्स महाराष्ट्र बॉम्बे, रायपुर साईं छ. ग. की टीमें उपस्थिति हुई. प्रतियोगिता में सुपर लीग के रोचक मुकाबले संपन्न हुऐ. फ़ाइनल मैच जबलपुर एवं ग्वालियर के मध्य खेला गया. जिसमे जबलपुर विजेता एवं ग्वालियर उप विजेता रहे. विजेता टीम को 41000/- एवं उप विजेता टीम को 31000/- का पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किये गये. समिति के संरक्षक एन. एस. तेकाम प्राचार्य भिलवानी, अध्यक्ष बी. एल. उइके प्राचार्य (से. नि.) उपाध्यक्ष अतुल साहू एवं शिवा मरकाम, कोषाध्यक्ष एस. एस. मरकाम प्रधानाध्यापक, सचिव कमल आर्मो, सह सचिव शिवनाथ पंन्द्रे, क्रीड़ा प्रभारी गोवर्धन धुर्वे, एडवोकेट मिलाप धुर्वे, गुलाब उइके, बलवीर मरावी हरे सिंह वल्के दिनेश पंन्द्रे किशोर विश्वकर्मा, महासिंह धुर्वे श्याम लाल धुर्वे एस. आई., मनोज धुर्वे नितेश यादव, मनीष यादव, हेमंत कुलस्ते पुष्पेंद्र कुलस्ते, मुकेश सैयाम, संदीप पूसाम, सुनहर धुर्वे, रमेश धुर्वे, अनूप कुशराम, सेम सिंह मरावी, दैनिक गोस्वामी, योगेंद्र एवं डॉ. श्वेता जायसवाल फिजिओ थरेपिस्ट आदि सदस्यों ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया. नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया द्वारा बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान किया गया. नगर के ब्यापारियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ. इसअवसर पर पूर्व विधायक तुलसी राम धूमकेती, श्रीमती सावित्री धूमकेती सदस्य जिला पंचायत, हरि सिँह कुलेश सरपंच बर्रई, सर्व अशोक नानकनी, अजय पूरी गोस्वामी , नीरज भट्ट , शशिकान्त श्रीवास्तव, कवर्धा छ. ग. से चिनवा खान डी. एस. पी. बेंताल स्नात्तकोत्तर महा विद्यालय मंडला से क्रीड़ा अधिकारी जायसवाल, आदि अनेक गडमान्य एवं जनप्रतिनिधि प्रतियोगिता का आनंद लिए कई हजारों की संख्या में जन समुदाय ने इस आयोजन का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### अनदेखी मासूम बच्चों की जिंदगी को डाल सकती है खतरे में

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय स्कूलों के पास लगे हुये बडे पेड़ हो या फिर कोई बड़ी ईमारत उसमें मधु मंखियों का आवास रहने के कारण घटित होने वाली घटनाओं के चलते इन मधु मख्यिों का लोग शिकार होने से नही चूक पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों क्षेत्र की एक शिक्षण संस्था में भी उस समय देखने मिल चुकी है जहां अचानक एक शासकीय शिक्षण संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के ऊपर मधुमख्यिों द्वारा हमला बोल दिया गया था जिसमें अनेक बच्चें घायल हो गये थें? मगर शायद प्रशासन की उस घटना के बाद भी कुंभकर्णी निद्रा भंग नही हुई जिसका परिणाम है कि आज भी अनेक शिक्षण संस्थाओं के पास लगे हुये पीपल के पेड सहित एक हाई स्कूल के पास बनी हुई पानी टंकी में मधुमख्यिों का आवास बना होने के कारण स्कूली बच्चों में दहशत फैलने के कारण वह स्कूल नही पहुंच पा रहे है.. तो दूसरी ओर मासूमों की जिन्दगी को खतरा पैदा होते हुये भी देखा जा रहा है? इस तरह की अनदेखी किसी दिन मासूमों की जिन्दगी को खतरे में डालने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही दूसरी ओर स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं में भी इन मधुमंखियों के चलते भय का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। इस प्रकार से शासकीय संस्थाओं के पास मधुमंखियों का डेरा होने के कारण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

### ग्रामीण क्षेत्रो में डाली गई विद्युत केबिल में आये दिन लग रही आग से बंद रहती है बिजली व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** म.प्र. विद्युत मंडल द्वारा बीते हुए वर्ष शासन का करोड़ो रूपया खर्च करते हुए शहरों से लेकर गांवों में बिजली चोरी रोकने के लिए तारों की जगह केबिल डालते हुए बिजली चोरी रोकने का जो प्रयास किया गया है वह निश्चित ही अच्छाई का प्रतीक माना जा रहा है, इससे निश्चित ही बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा, मगर जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा तारों की जगह केबिल डालने का कार्य ठेकेदारी के माध्यम से कराया गया था उसमें ठेकेदारों द्वारा जिस प्रकार की केबिलों को डाला गया है उनकी गुणवत्ता चंद दिनों में ही अपनी सच्चाई अपने आप स्पष्ट करते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि आये दिन केबिलों में हो रही फाल्ट सहित उनमें टूट फूट के चलते इन केबिलों की गुणवत्ता की सच्चाई झलक रही है, वही दूसरी ओर ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं देखे जा रहे ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** भले ही सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए लगातार विकास के बादे किये जा रहे है। मगर यदि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सच्चाई पर जाया जावे तो वह योजनाएं कागजो तक ही सीमित नजर आने से नही चूक रहे है तथा इसी के चलते शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगने से नही चूक रहा है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र के तहत आने वाले अनेक ग्रामों में ग्रामीणजन मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बाद भी ग्रामीणजन रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर हैं। वही दूसरी ओर ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिये ना तो अधिकारी पहल कर रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि, इसी वजह से ग्रमीणों को शासकीय राशन दुकानों से खद्यान्न, कैरोसीन, शक्कर, पेयजल के साथ-साथ स्वास्थ्य जैसी आम सुविधाओं के लिये भी कठिनाइंयों का सामना करना पड़ रहा है? ग्रामों को जोड़ने वाली सड़के जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं, लेकिन इनकी मरम्मत के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाये जा रहे हैं, वही देखा जावे तो वर्तमान स्थिति में क्षेत्र के अनेक ग्रामों में हैंडपंप बिगड़ी हालत में पड़े हैं।

## नगर के लोक निर्माण विभाग के चारों ओर फैल रही गंदगी, शासन के स्वच्छता अभियान पर खड़े कर रही सवाल..., जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से शासकीय भूमि को वाहन मालिकों ने दे डाला परिसर को स्टैंड का स्वरूप







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां एक ओर आये दिन देखा जाता है कि नेताओं से लेकर अलग अलग विभागों के अधिकारी भी अपने हाथों में झाडू लेकर स्वच्छता की शपथ लेने में पीछे नही रहते है। मगर लोग हैरत में उस समय पड़ने से नही चूक पाते है जब सरकारी कार्यालयों के चारों ओर गंदगी का आलम देखने मिलता है तो वह निश्चित तौर से सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर सबाल होने लगते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के लोक निर्माण विभाग कार्यालय में देखने मिल रही है। जहां पर चारों ओर गंदगी का आलम तो बना हुआ है। दूसरी ओर हाल यह दिखाई दे रहा है कि यह शासकीय कार्यालय न होकर कोई वाहन स्टेन्ड बना हुआ है। जहां पर लोगों की मर्जी होती है वह इस कार्यालय की भूमि पर अपने वाहन खड़े कर देते है और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी उनकी पेहरेदारी में दिखाई देने से नही चूकते है..? इस तरह नगर के लोक निर्माण विभाग के पास काफी भूमि होने के चलते जहां कर्मचारियों के रहवासी क्वाटर बने हुये है तो दूसरी ओर कार्यालय परिसर में ही जरूरी सामग्री रखी जाती है। वही दूसरी ओर इसी कार्यालय के समीप शासकीय विश्राम गृह भी बना हुआ है जो लोक निर्माण विभाग के अधीन माना जाता है। इस तरह इस विश्राम गृह के रख रखाव से लेकर अन्य जरूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के अधीन ही मानी जाती है। मगर जिस प्रकार से लोक निर्माण विभाग



कार्यालय परिसर में चारों ओर गंदगी का आलम देखने मिल रहा है। वही निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली को उजागर करने के साथ साथ सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोक निर्माण परिसर के आसपास संचालित होने वाले दुकानदारों द्वारा खुलेआम अपनी दुकानों का कचरा भी इसी परिसर में डालते हुये जहां उसे कचरा घर का रूप दे डाला है। वही आस पास के घरों से आने वाले गंदे पानी के चलते यहां पर अनेक प्रकार के मच्छर जन्म तो ले ही रही है दूसरी ओर बीमारियाँ फैलने की सभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है..? इतना ही नही इस परिसर में जिस तरह बाहरी लोगों द्वारा अपने चार पहिया वाहनों को बगैर किसी रोक टोक के खड़ा किया



जाता है उसके चलते यह शासकीय कार्यालय की जगह वाहन स्टेन्ड के रूप में दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? इस सच्चाई को देखकर लोग इस बात को लेकर हैरन होने से नही चूक पा रहे है कि यहां पर शासकीय विश्राम गृह होने के चलते आये दिन जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के अधिकारियों का आना जाना बना रहता है। वही दूसरी ओर आये दिन इस विश्राम गृह में प्रदेश सरकार के मंत्रियों का भी आगमन होता है। इस के बाद भी इस लोक निर्माण विभाग की सरकारी भूमि का जिस तरह निजी लोगों के द्वारा धड़ृल्ले से उपयोग किया जा रहा है वह निश्चित तौर से यहां के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत का परिणाम या फिर उदासीनता की कहा जा सकता है..? क्योंकि नियम के अनुसार तो बताया जाता है कि किसी भी विभाग की भूमि का वहां के अधिकारी चाहे तो एक इंच भी उपयोग नही कर सकता है। मगर जब जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यदि अनदेखी की जा रही है तो लोगों को रोकना कहा तक संभव माना जा सकता है...? इसी का परिणाम है कि नगर का लोक निर्माण कार्यालय की शासकीय भूमि का लोगों द्वारा जिस तरह वाहन स्टेन्ड से लेकर दुकानों से निकलने वाले कचरें में रूप में उपयोग किया जा रहा है उसके चलते यहां के विश्राम गृह की सुन्दरता को तो ग्रहण लग ही रहा है दूसरी ओर अधिकारियों की उदासीनता का प्रमाण भी उजागर होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? यहां पर फैली रही गंदगी केन्द्र से लेकर प्रदेश सकरार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगाते हुये देखी जा रही है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर अन्य कर्मचारियों द्वारा जब अपने मुख्यालय से विमुख रहते हुये यदि अप डाउन करते हुये अपने दायित्वों का निर्वाहन किया जावेगा तो उस कार्यालय की व्यवस्थाओं से लेकर साफ सफाई किस प्रकार से होगी इसका अंदाजा क्षेत्र में सड़को का निर्माण करने वाले इस कार्यालय परिसर को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है...? मगर बडे ही हैरत की बात है कि जिन अधिकारियों को आमजन के बीच पहुंचकर लोगों को स्वच्छ भारत बनाने का संदेश देते हुये देखा जाता है। मगर उन्ही अधिकारियों के कार्यालयों के चारो ओर फैल रही गंदगी से क्या देश के प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

## चार साल की मासूम को हैवान ने बनाया अपनी हवस का शिकार



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां लोग मासूम कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुये उनका पूजन कर आर्शीवाद लेते हुये अपने जीवन को सफल बनाने की चेष्टा करते है। मगर कुछ लोग इस तरह से होते है कि देवी स्वरूपाओं पर गंदी नजर डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिलवानी में देखने मिली जहां पर एक चार वर्ष की मासूम को पडौस में ही निवास करने वाले युवक द्वारा अपनी घिनौनी हरकत का शिकार बनाते हुये दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये गिरप्तार किये जाने की खबर है..? मगर इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष देखने मिल रहा है। ज्ञात हो कि इसके पहले जिस तरह बीते हुये कुछ दिनों पहले करेली थाने के अंतर्गत ग्राम लिंगा में घटित हुई घटना में एक आरोपी ग्राम लिलवानी निवासी के रूप में ही सामने आया हुआ था। इस तरह ग्राम लिलवानी में विकृत मानशिकता के शिकार हो रहे युवाओं को लेकर लोगों का कहना है कि यहां पर जिस तरह मादक पदार्थो का अवैध कारोबार लगातार पैर पसार रहा है और उसकी गिरप्त में आने का ही परिणाम है कि युवाओं में इस तरह की मनशिकता पैदा होने से नही चूक पा रही है.।

## तूमड़ा में चल रहे नव कुण्ड रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति की संगम में डूबे हुये नजर आये लोग





**हरिभूमि न्यूज/साईंखेडा।** समीपस्थ ग्राम तूमड़ा गांव में चल रहे नव कुण्ड रुद्र महायज्ञ में जहां प्रतिदिन लोगों का जन समूह उमड़ते हुये देखा जा रहा है। जहां पर लोक पहुंचकर यज्ञ वेदी की परिक्रमा करते हुये पुण्य अर्जित करते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर यहां पर कथा वाचक संतों द्वारा भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये लोगों को भाव विभोर करने से नही चूक रहे है। इसी प्रकार से शुक्रवार को आयोजन के चौथे दिन भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यहां पर जन समुदाय के रूप में उमडे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ यज्ञ में भाग लिया। बताया जाता है कि नव कुण्डीय रूद्र महायज्ञ के चौथे दिन साध्वी सुश्री नीलम गायत्री ने नर्मदा नदी की पवित्रता और उसके पत्थरों की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि माँ नर्मदा जी का हर पत्थर शिव स्वरूप है और बिना प्राण प्रतिष्ठा के भी इनका पूजन करने से कल्याण हो जाता है। इस मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि नर्मदा के कंकर भी शंकर के समान पूजनीय हैं और उनकी उपासना से जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। वहीं, मानस रत्न पंडित राम गोपाल तिवारी ने साधु-संतों की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि संत समाज के आशीर्वाद और उनके मार्ग दर्शन से समाज में शांति, सद्भावना और धर्म की स्थापना होती है। क्योंकि संतों के सत संग मात्र से ही लोगों के भाव बदल जाते है। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि संतों का जीवन आदर्शों से परिपूर्ण होता है, जो समाज को सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रतिदिन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ प्राप्त किया। वही सुबह से यज्ञ शाला के परिक्रमा लगाने के लिए महिला पूरूषो बच्चों का ताता लगा रहता और भक्त यज्ञ की पूजन अर्चन करते हैं । इस प्रकार से पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और आस्था की लहर देखने को मिली। यज्ञ मंडप में गूंजते वैदिक मंत्रों और भजन-कीर्तन ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ के आगामी दिनों में और भी दिव्य अनुष्ठान होंगे, जिनमें विद्वान आचार्यों के प्रवचन और विशेष पूजन विधियों का आयोजन किया जाएगा।

## अपनी डिग्रियों का त्याग करते हुये वैराग्य के मार्ग पर चलने वाले जैन संप्रदाय के दो यमल मुनियों का हुआ नगर आगमन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

अक्सर देखा जाता है कि लोग बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेकर केवल नौकरी ही की जाती है या विदेश जाकर पैसा ही कमाया जाता है ऐसा नहीं है। कुछ लोग इस तरह से भी होते है जो बडी बडी डिग्रियाँ प्राप्त करने के बाद अपने जीवन को धर्म के प्रचार में लगाते हुये बैराग्य की ओर अग्रसर हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर में आये हुये जैन संप्रदाय के दो युगन मुनियों में देखने मिली। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नगर में जैन संप्रदाय के दो यमल मुनियों का आगमन हुआ है जो की जुड़वा भाई हैं और उनके बीच जन्म लेने का अंदर मात्र 30 मिनट का है । इन भाईयों में एक ने तो बी. फार्मेसी व एमबीए किया है और दूसरे ने एम. काम. एम बी ए व सी ए किया हुआ है। इतनी बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेने के बाद व विदेश



से बड़े पैकेज की नौकरी छोड़कर वापस अपने घर संसार को त्याग कर मात्र 25 वर्ष व 28 वर्ष की अल्प आयु में वैराग्य के पथ पर चलने का संकल्प लेने वाले यमल मुनि का जब नगर आगमन हुआ तो इनके दर्शनों को भीड़ उमड़ने से नही चूक पाई। वही आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री 108 आस्तिक सागर जी महाराज वह मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज ने नगर के सभी जिनालयो का दर्शन करते हुए वीर विद्यानिलय में पहुंचकर प्रथम मंजिल में नवनिर्मित सात कमरों का लोकार्पण अपनी उपस्थिति में धर्मशाला की सभी दानदाताओं के समक्ष सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों के बीच फीता कटवाकर करवाया गया। वही बताया जाता है कि मुनिदृय का आगमन समाज के सभी लोगों के लगातार प्रयास का नतीजा है कि एक लंबे अंतराल के बाद किसी जैन संत का नगर आगमन हुआ है । इनके आगमन से पूरी जैन समाज में अत्यंत प्रसन्नता देखने मिल रही है। वही जैन सभा को संबोधित करते हुए मुनि दृय संतभवन की प्रथम मंजिल पर 7 कमरों के निर्माण में आर्थिक सहयोग देने वाले एवं निर्माण कार्य के दौरान आर्थिक सहयोग करने वालों की भी प्रशंसा करते हुए कहा की वर्तमान काल में तो मानव अपने लिए तो एक से बढ़कर एक सर्वश्रेष्ठ भवनों का निर्माण कर लेता है । परंतु बिराले ही लोग होते हैं जो समाज के हित में संतो के प्रवास काल में रुकने के लिए धर्मशालाओं का निर्माण कार्य में अपना धन का उपयोग करते हैं । कार्यक्रम में मंगलाचरण समाज के लोगों ने मुनीदृय की समक्ष श्रीफल अर्पित करते हुए किया गया।


## नगर अधिवक्ता संघ ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में किये जा रहं संशोधन का विरोध करते हुये बीते हुये दिवस नगर के अधिवक्ता संघ द्वारा देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये अपना विरोध प्रदर्शन किया गया। अधिवक्ताओं द्वारा सौपे गये अपने ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अधिवक्ता संघ गाडरवारा द्वारा बीते हुये दिनों एक बैठक का आयोजन करते हुये संकल्प पारित किया गया जिसमें लिये गये संकल्प क्रमांक 1 के अनुसार यह तथ्य जानकारी में आया है कि अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक 2025 में कुछ प्रावधान अधिवक्ता हितों के विपरीत है। उक्त संशोधन अधिनियम के अंतर्गत अधिवक्तागणों को विरोध प्रकट करने से भी रोकने का प्रावधान किया गया है तथा अन्य संवैधानिक अधिकारों का भी हनन हो रहा है। जिसके संबंध में अधिवक्तागणों की प्रादेशिक इकाई मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद अपना विरोध पत्र प्रेषित कर रही है। अतः हम सभी अधिवक्ता संघ गाडरवारा के सदस्य अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक 2025 के कुछ प्रावधानों का विरोध करते है एवं आपेक माध्यम से यह मांग रखते है कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम में अधिवक्ताओं के हितों को संपूर्ण सुनवाई होने के उपरांत ही बिल को लोक सभा में रखा जावे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थें जिन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे को अपना विरोध पत्र सौपा गया।

## आखिरकार इनके रख रखाव की जिम्मेदारी होती किसकी है...?

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा ।**

विगत कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक निधि या अन्य मदों से लाखो रूपए खर्च कर क्षेत्र के गांवों में जो यात्री प्रतिक्षालय बनवाये गए थे, उनकी दशा शोचनीय हो गयी है तथा वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार बसो की आने की प्रतीक्षा के दौरान लोग इनका उपयोग न के बराबर करतें है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण करते वक्त जगह की उपयोगिता का ध्यान नही रखा गया है। इस कारण कोई उनका उपयोग करना पसंद नही करता है। इस संबंध में क्षेत्र की ग्रामों के जागरूक लोगों का कहना है कि अनेक गांव ऐसे भी है जिनकी सीमा से बाहर यात्री प्रतिक्षालयों का पूर्व में निर्माण हुआ है। इन प्रतिक्षालयों में दरबाजे तक नहीं है और साफ सफाई के अभव में ये बस यात्रियो के बैठने लायक नही रह गए है, चिन्ता की बात यह है कि कई यात्री प्रतिक्षालय असामाजिक तत्वो के बैठक खानो में बदल कर उन्हें शराब पीने के लिये सुरक्षित स्थानों के रूप में तब्दील करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है तो कुछ में लोगों ने इन यात्री प्रतिक्षालयों में अपनी दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर लिया है, इनके निर्माण का मकसद पूरा नहीं होने से ये यात्री प्रतीक्षालय शासन के धन की होली खेलने की मिसाल पेश कर रहे है।

## स्कूलों में सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये, कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष रह गये है तो वह भी संस्थाओं की कोठरी मे बंद पडें हुए सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ा रहे है? कई गांवों के शिक्षकों को कम्प्यूटर के क्षेत्र मे ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से वंचित ही रहे गये है? शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है? इतना ही नही अज्ञानतावश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेली विजन देखने मिला है जो शायद कभी चालू होगा? इस तरह आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है, इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लियें शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है,परंतु प्राध्यापकों द्वारा राशि का बंदरबाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है,।

**ट्रेक्टर की एन. ओ. सी. गुम होने की सूचना**

राकेश कुमार जोशी आ. श्री रघुवीर प्रसाद जोशी निवासी चीचली, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मेरे नाम से एक ट्रेक्टर सोनालिका 730 जिसका रजि. क्र. MP49A5271 है। इंजन नंबर 3092F42G49329 व चैचिस नंबर 0408ZF49126 है। उक्त ट्रेक्टर की एन.ओ.सी. परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर से निकलवाई गई थी जो कि कही गुम गई है। अत: मुझे उक्त एन.ओ.सी. की आवश्यकता है जिसकी डुप्लीकेट प्रति प्रदान किये जाने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये आम सूचना प्रकाशित कराई गई है।

शपथकर्ता
राकेश कुमार जोशी
आ. श्री रघुवीर प्रसाद जोशी
निवासी चीचली तहसील गाडरवारा,
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### 27 फरवरी को आयोजित होगा जिला पेंशन फोरम की बैठक एवं सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज।** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 27 फरवरी 2025 को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेंशन फोरम की बैठक तथा सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक/सम्मान समारोह में समस्त पेंशनर्स भी उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. स्ट्रॉंग रूम का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. स्ट्रॉंग रूम का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम सील, सीसीटीव्ही कैमरे, रजिस्टर पंजी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्था दुरूस्त एवं ठीक पाई गई। ई.व्ही.एम. और व्ही.व्ही.पी.ए.टी. मशीनों की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी. मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए एवं अपनी ड्यूटी का निर्वहन मुस्तैदी के साथ करें।

### एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ता संघ शहपुरा ने किया विरोध प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज शहपुरा:-** केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 लाकर अधिनियम बनाने जा रही है जिसके विरोध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय सहित सभी न्यायालय में अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे है ।इसी क्रम में अधिवक्ता संघ शहपुरा ने भी एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में व्यवहार न्यायालय शहपुरा अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा, तहसील शहपुरा में ज्ञापन देकर एक दिवसीय कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया है ।

### रबी/बंसत के फसलों के लिए फरवरी माह हेतु फसलवार कृषि परामर्श जारी

**डिंडौरी।** कृषि विभाग डिंडौरी द्वारा रबी/बंसत के फसलों के लिए फरवरी माह हेतु फसलवार कृषि परामर्श जारी किया गया है। जारी परामर्श के अनुसार गेहू की फसल में दूध अवस्था व दाना भरने की अवस्था में सिंचाई करने, गेहू में गेरूआ रोग दिखने पर मेन्कोजब 2.5 ग्रा./ ली. पानी या प्रोपिकोनाजोल 1 मि.ली./ ली. पानी में मिलाकर छिड़काव करने कहा गया है। इसी प्रकार से परामर्श में बताया गया कि चने की फसल में चने की इल्ली का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर से अधिक होने पर इसके नियंत्रण हेतु कीटनाशी दवा फ्लूबेन्डामाइड 39.35 प्रतिशत एस.सी. की 100 मिली/हे. या इन्डोक्साकार्ब 15.8 प्रतिशत ई.सी. की 333 मिली./ हे. का 400-500 ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। फसल की पत्तियां तथा तना सूख जाये व दाने में नाखून गड़ाने पर न गड़े, तब फसल की कटाई करें। कटाई उपरान्त 1-2 दिन धूप में सुखाकर फसल की गहाई करें। मटर की फसल में ऊपरी पत्तियां और फलियां हल्की पीली होने लगे, तो फसल की कटाई करें। मसूर की फसल पर माहू कीट का प्रकोप दिखाई देने पर डायमिथोएट 30 प्रतिशत ई.सी. 2 मिली./ली. या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत 0.2 मि.ली./ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। मसूर की फसल पकने की अवस्था में (जब ऊपरी पत्तियां सूख जाये और फलियां हल्की पीली हो जाये) सही समय पर कटाई कर तथा अधिक परिपक्वता होने पर फलियां गिरने व चटकने लगती है।

### आचार्य विद्यासागर जी की स्मृतियों को अमर बनाने हेतु डिंडोरी ज़िले में मंगल चरण की स्थापना

# सकल जैन समाज ने भव्य जुलूस के साथ की मंगल अगवानी

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

**महान संत, विचारक और मूकमाटी महाकाव्य के रचनाकार आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की दिव्य स्मृतियों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए उनके प्रथम समाधि दिवस पर सकल जैन समाज के द्वारा परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के पावन चरणों की भव्य अगवानी का जुलूस सुबह 9 बजे बड़े मंदिर जी से प्रारंभ होकर बीजेपी कार्यालय से कांच मंदिर होते हुए जिला चिकित्सालय से वापिस बड़े मंदिर पर समापन हुआ जिस पश्चात डिंडोरी ज़िले में मंगल चरण की प्रतिष्ठा की गई। सात धातुओं से निर्मित 24 इंच के ये पावन चरण उन 108 नगरों के सौभाग्यशाली श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे, जिन्होंने अपने जीवन को उनके सिद्धांतों के अनुरूप समर्पित किया है।**





### चिरशांति की ओर अंतिम कदम

18 फरवरी 2024, रात्रि 2:30 बजे, डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) स्थित चन्द्रगिरि पर्वत पर उन्होंने देह का त्याग कर महासमाधि धारण की और पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निर्वाण से संपूर्ण जैन समाज एवं आध्यात्मिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई, परंतु उनके विचार और सिद्धांत युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे।

### आचार्य श्री विद्यासागर जीः तप, ज्ञान और साहित्य की प्रेरणास्रोत विभूति

10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगांव जिले के सदलगा गांव में जन्मे आचार्य विद्यासागर जी महाराज का जीवन प्रेरणादायक तपस्या, ज्ञान और आत्मशुद्धि का उदाहरण रहा। उन्हें आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज से दीक्षा प्राप्त हुई और वे अपने अपूर्व आध्यात्मिक तेज एवं ज्ञान के बल पर आचार्य पद तक पहुंचे।

### आदिवासी समाज के कल्याण हेतु निःशुल्क विद्यालय का शिलान्यास*

छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरि में सभा के आयोजन में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आचार्य श्री की स्मृति में डिंडोरी ज़िले के ग्राम कारोंपानी में आचार्य विद्या सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित हथकरघा प्लांट में आदिवासी समाज के कल्याण हेतु निःशुल्क विद्यालय का शिलान्यास किया गया है जो संपूर्ण ज़िले के लिए गौरव की बात है।

### राष्ट्र की श्रद्धांजलि : 100 रुपये का विशेष स्मारक सिक्का और रजत पत्र

आचार्य श्री की अविस्मरणीय शिक्षाओं और योगदान को सम्मान देने हेतु भारत सरकार ने उनके सम्मान में 100 रुपये मूल्य का विशेष स्मारक सिक्का जारी किया है। साथ ही, मूकमाटी महाकाव्य को रजत पत्र पर अंकित किया गया है, जिससे यह भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहे। इसके अतिरिक्त, जयशतक परिषद की विशेष उपलब्धियों को भी रजत पत्र पर स्थान दिया गया है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली




हरिभूमि न्यूज।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 65.77 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के दर्ज प्रकरणों की जानकारी में बताया गया कि अवैध उत्खनन के दर्ज 15 प्रकरणों में 10 निराकृत कर लिया गया है, जिससे 8,32,500 रूपए अर्थदण्ड वसूल की गई है। इसी प्रकार से अवैध परिवहन के दर्ज 42 प्रकरणों में से 33 प्रकरण का निराकरण कर 17,05,694 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई, अवैध भण्डारण के दर्ज 3 प्रकरणों में से 1 प्रकरण का निराकरण कर 45,309 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई है। जिले में स्वीकृत खनि रियायतों में उत्खनिपट्टा (पत्थर, गिट्टी) के 55 खदान, खनिपट्टा (ऑक्शन ब्लॉक) बाक्साइट का 1 खदान, नीलाम खदान (रेत) के 7 खदान और उत्खनन अनुज्ञा (शासकीय निर्माण कार्यों हेतु) पत्थर/गिट्टी के 6 खदान स्वीकृत हैं। कलेक्टर नेहा मारव्या ने स्वीकृत खदानों के अतिरिक्त नदी या नालों से अवैध उत्खनन न हों इसलिए सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन एवं अन्य अवैधानिक गतिविधियों को रोकने के लिए संयुक्त दल साथ में कार्यवाही सुनिश्चित करें। संयुक्त दल में वन विभाग और राजस्व विभाग, खनिज विभाग के साथ समन्वय कर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगायें। ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय मार्गों से ओवरलोडेड वाहन निकलने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होती हैं, ऐसे ओवरलोडेड वाहनों पर कार्यवाही करें। वाहनों के लिए एक निश्चित मार्ग सुनिश्चित कर वाहन चालकों को मार्ग के बारे में बतायें। खनिज संबंधी रॉयल्टी की प्राप्ति उचित रूप से हो इसकी जांच करें एवं रॉयल्टी जमा कराना सुनिश्चित करें। अवैध कार्य में संलग्न संबंधितों पर उचित कार्यवाही करें।

### सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के किचन गार्डन/परिसर में पपीता के पौधे लगायें : कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाडी केन्द्रों में संचालित गतिविधियों के संबंध बैठक ली। उक्त बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर, उप संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाईजर अपने मुख्यालयों में रहना सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनबाडी केंद्रों का निरंतर भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों के कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाएं। आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चो को नियमित रूप से पोषण आहार, दूध एवं थर्ड मील का वितरण करें। उनका नियमित रूप से फॉलोअप करें। आंगनबाडी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जाए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में शासन द्वारा संचालित गतिविधियां नियमित रूप से समय-सीमा में पूरा करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के किचन गार्डन/परिसर में पपीता के पौधे लगायें और बच्चों को पपीता का फल खिलाएं, जिससे कुपोषित बच्चों को सुपोषित होने में मदद मिले। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संचालित नाश्ते एवं भोजन के फोटोग्राफ्स पोषण ट्रेकर एप्प में नियमित रूप से अपलोड एवं मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे।

### 23 फरवरी से ऋग्वेद पारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन



#### शहपुरा तहसील के ग्राम देवरी बिछिया में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा -** डिण्डौरी जिले की शहपुरा तहसील अंतर्गत स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल आश्रम, मां नर्मदा यज्ञपीठ के पावन धाम, ग्राम-देवरी कला, बिछिया मे आगामी 23 फरवरी से ऋग्वेद पारायण महायज्ञ, वेद प्रवचन, संगीतमय श्रीराम कथा, एवं विशाल का भव्य आयोजन किया जाना है मानवीय जीवन में मानवता के विकास एवं नई ऊर्जा के संचार ,सनातन संस्कृति में श्रद्धा विश्वास एवं ऋषि- मुनियों की परंपरा को आगे बढ़ते हुए आर्य समाज के संस्थापक, प्रखर देशभक्त, क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक - महर्षि दयानंद सरस्वती के 201वां जन्मोत्सव रविवार 23 फरवरी 2025 से शुभारंभ होकर रविवार 2 मार्च 2025 तक 8 दिवसीय ऋग्वेद पारायण तुलसी बाई झारिया- चम्मूलाल झारिया के यजमानत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन - प्रातः7:30 बजे से 11:30 बजे तक यज्ञ एवं मध्यान्ह 12 बजे से 2 बजे तक भंडारा एवं अपराह्न 2 बजे से सायं 5:30 बजे तक यज्ञ 06 बजे से 8:30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जायेगा । इस महायज्ञ में पूज्य स्वामी ऋतस्पति परिव्राजक महाराज जी (नर्मदापुरम)पूज्य आचार्य सोमदेव महाराज जी (सवाई माधोपुर- राजस्थान) प्रसिद्ध भजनोपदेशक - पंडित भानुप्रकाश शास्त्री (बरेली उत्तर प्रदेश) आचार्य दीपक जी (नर्मदा पुरम) आचार्य भीमदेव नैष्ठिक (मंडला ) आदि अनेक साधु संत पधार रहे हैं । कार्यक्रम के संयोजक - आचार्य धीरेन्द्र पाण्डेय-पुरोहित, उमाशंकर चौकसे, गंगा चरण चौकसे, सुरेन्द्र राय,संतोष यादव, अमित राय, विनोद ठाकुर, सुरेन्द्र साहू, कैलाश शिवहरे, विष्णु प्रसाद साहू आदि लगातार क्षेत्र मे जाकर कार्यक्रम के लिये लोगो को आमंत्रित अपील कर निवेदन कर रहे है इस पुण्य कार्यक्रम में स्वयं सपरिवार व इष्ट मित्रों सहित पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिला जेल का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिला जेल का निरीक्षण करते हुए जेल की व्यवस्थाओं, बंदीकक्ष और कैदियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक से जेल व्यवस्थाओं के तहत बैरक व्यवस्था, लॉक सिस्टम, भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की नियमित गणना, जेल में आने वाले आगंतुकों, चैकिंग व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरे, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा उपकरण, गार्ड फाइल आदि में बारे में जाना। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि आगंतुकों को परेशानी न हो, जेल परिसर में प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे मोबाइल फोन आदि की सतत निगरानी हो, ऐसे प्रकरण जिनमें लंबे समय से पेशी नहीं हुई है उन पर प्राथमिकता से कार्य करें। उन्होंने महिला कैदियों चर्चा की, उनके स्वास्थ्य और उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। सभी कैदियों को सिलाई-कढाई, मैकेनिक, मिस्त्री, कारपेंटर आदि स्वरोजगार संबंधी ट्रैनिंग देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, जेल अधीक्षक श्री लवकुश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, सहायक आबकारी अधिकारी मंशाराम उईके सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले मे संचालित मदिरा दुकानों एवं वार्षिक मूल्य की जानकारी ली। मदिरा दुकानों के अलावा अन्य स्थानों मे बिकने वाली अवैध शराब विक्रय पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी वृत कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों और निर्धारित लक्ष्य व आबकारी आय की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वर्ष 2025-26 के लिए मदिरा दुकानों की निष्पादन की प्रक्रिया एवं जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलन में है, जिसके लिए कम्पोजिट मदिरा दुकानों के वर्ष 2024-25 के परिगणित वार्षिक आधार मूल्य में 20 प्रतिशत मदिरा दुक्चनाकार वर्ष 2025-26 का आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है। जिस पर निष्पादन की प्रक्रिया प्रथमतः नवीनीकरण व लॉटरी उसके पश्चात शेष दुकानों का निष्पादन ई-टेन्डर/ई-टेन्डर कम ऑक्शन की प्रक्रिया दवारा किया जाएगा। वर्ष 2024-25 मे मदिरा दुकानों का निष्पादन ई-टेन्डर प्रक्रिया के माध्यम से रुपये 29,21,75,997 मे हुआ था जो की वर्ष 2023-24 मे प्राप्त निष्पादन राशि 27,29,56,080 से 7 प्रतिशत अधिक है। मदिरा दुकानों के वार्षिक मूल्य का 5 प्रतिशत वार्षिक लायसेंस फीस के रूप मे निष्पादन के पश्चात एवं शेष 95 प्रतिशत न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी राशि 24 पाक्षिक किश्तों में वसूली जाती है। ये किश्तें समान रूप से विभाजित नहीं होगी। वर्ष के प्रथम त्रैमास में वार्षिक मांग का 30 प्रतिशत, द्वितीय त्रैमास में वार्षिक मांग का 20 प्रतिशत तथा वर्ष के तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमासों में वार्षिक मांग का क्रमशः 25 एवं 25 प्रतिशत भाग वसूल किया जायेगा। किसी भी त्रैमास में वसूली योग्य इस राशि को छः समान भागों में बांटा जाएगा। यदि यह राशि छः समान भागों में विभाज्य नहीं है, तो अविभाज्य शेष भाग को संबंधित त्रैमास की प्रथम पाक्षिक किश्त में समायोजित किया जाता है।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने नर्मदा किनारे, स्कूल, कॉलेज आदि सार्वजनिक स्थानों में मदिरा विक्रय करने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज ।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शासकीय कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिंडौरी प्रांगण में फलदार एवं औषधीय पौधे लगाये गए। इस दौरान प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर डिंडौरी श्रीमती सविता धार्वे, परामर्शदाता श्रीमती निकिता मरकाम, विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चौरसिया, केस वर्कर श्रीमती रागिनी धुर्वे सहित विद्यालीयन स्टॉफ, छात्रावास अधीक्षिका और बालिकाएं मौजूद रहीं पौधारोपण के दौरान बालिकाओं को वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह रोकने हेतु किए जा रहे प्रशासन के प्रयास, बाल विवाह के दुष्प्रभाव और वन स्टॉप सेन्टर डिंडौरी हेल्पलाइन नंबर 7828195167 के बारे में बताया गया।

## खबर संक्षेप

### स्व. हाजी दिलावर खान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे विधायक



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महगुवां (सर्रा) में जिले के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. हाजी दिलावर खान के घर पहुंच कर विधायक महेंद्र नागेश ने ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु से प्रार्थना की। इस मौके पर रज्जाक खान,जाहिद खान,फिरोज खान,राशिद खान, शाहिद खान,बबलू खान,तारिक खान, शोभाराम सिंह कुशवाहा,दयाल सिंह कुशवाहा,पप्पू खान,जमा खान,फारुक खान,सैफ खान, एड.इसराइल खान उपस्थित रहे।

### 22 फरवरी को सभी पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल के निर्देशानुसार माह फरवरी 2025 में शनिवार 22 फरवरी को जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त उप पंजीयक एवं जिला पंजीयक कार्यालय पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खुले रहेंगे। जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने बताया कि माह फरवरी एवं मार्च में शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह फरवरी में शनिवार 22 फरवरी को जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त उप पंजीयक एवं जिला पंजीयक कार्यालय पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खोले गये हैं।

### लापरवाही से वाहन चलाने वाले आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगाव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के प्रकरण में आरोपी पूनम ठाकुर निवासी ग्राम सालीवाडा थाना गोटेगाव जिला नरसिंहपुर को दोष सिध्द पाते हुए भा.द.वि. की धारा 304ए भा.द.सं. में 1 माह कासश्रम कारावास एवं 500- रुपये अर्थदंड, धारा 184 मोटरयान अधि.में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 1000- रुपये अर्थदंड, से दण्डित किया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 23.03.2022 समय 16:00 बजे गोटेगांव जबलपुर मेनरोड नेहरु वार्ड गोटेगांव की है। उक्त दिनांक को मृतक कमल कुमार जैन नगर पालिका गोटेगांव से घर जा रहे थे जैसे ही अपने घर के सामने पैदल रोडक्रास किया तभी जबलपुर तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल के चालक ने तेजगति व लापरवाही से चलाकर पीछे से कमल कुमार जैन को टक्कर मार दी, जिससे कमल कुमार जैन रोड पर गिर गये। एक्सीडेंट करने वाली मोटर साइकिल का नंबर एम.पी. 49 एम.सी. 2494 था। जिसे इलाज हेतु शासकीय अस्पताल गोटेगांव ले गये थे। जहां से कमल कुमार जैन को जबलपुर रेफर कर दिया था। एवं रास्ते में उसकी मृत्यु हो गयी थी। मृतक की मृत्यु एक्सीडेंट के कारण आयी चोटो से हुयी है।

### पीएमश्री माध्यमिक शाला बोथिया में सिकल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज।** केवलारी। विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किये जा रहे हैं जिससे यह पता लगाया जा सके कि बच्चों के स्वास्थ्य में कौन सी बीमारी के लक्षण पाये जा रहे हैं। सिविल अस्पताल केवलारी के खंड चिकित्सक अधिकारी के निर्देष पर पीएमश्री माध्यमिक षाला बोथिया में छात्रों की सिकल सेल की जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण का षिविर आयोजित किया गया।

### मेडिकल अस्पताल की जगह एंबुलेंस वाले ने निजी अस्पताल में कराया भर्ती

# इलाज के नाम पर परिजनों से 4 लाख की मांग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक,नरसिंहपुर को पुष्पा कोरी पति राजेन्द्र कोरी निवासी ग्राम सिंहपुर (बड़ा) तहसील व जिला नरसिंहपुर ने शासकीय अस्पताल नरसिंहपुर में एम्बुलेंस वाले ने धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठ जाने व मेडिकल अस्पताल की जगह जबरन जबलपुर की निजी अस्पताल में बेटे को इलाज के नाम पर भर्ती कराये जाने को लेकर आवेदन देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

आवेदिका के आवेदन अनुसार दिनांक 16.02.2025 को आवेदक के पुत्र भूपेश कोरी का एक्सीडेन्ट मुंगवानी से बचई के बीच हुआ था एवं दुर्घटना में घायल उसके पुत्र को शासकीय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में भर्ती किया गया था। पुत्र को गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों के द्वारा उसे जबलपुर मेडीकल रिफर किया गया था। जिला शासकीय अस्पताल में जो प्राईवेट एम्बुलेंस लगी रहती है उनके द्वारा डॉक्टर के कहने के अनुसार मरीज को मेडीकल जबलपुर में रिफर किया गया था किन्तु एम्बुलेंस वाला उन्हें



मेडीकल जबलपुर में न ले जाकर रूपये के पैकेज के चक्कर में जबलपुर की प्राईवेट हॉस्पिटल में जबरन ले गया। परिजनों द्वारा यह बताया गया कि उनकी स्थिति बहुत ही दयनीय है जो प्राईवेट हॉस्पिटल में इलाज नहीं करवा सकते। एम्बुलेंस मालिक द्वारा कमीशन के चक्कर में मरीज को मेडिकल अस्पताल कहने के बावजूद भी प्राईवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। एम्बुलेंस वाले की गलती के कारण निजी हॉस्पिटल में जबरन इलाज चालू करके मरीज को वापिस नहीं आने दे रहे है। घायल का इलाज करके 4 से 5 लाख रूपये की मांग पीड़ति परिवार से कर रहे हैं । पीड़ति की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह इतनी रकम देने में असमर्थ है । अतः इस मामले में उचित कार्यवाही कर पीड़ति परिवार को राहत दिलाये जाने की मांग की है ।

## बैठक में एक करोड़ 95 लाख रुपये के कार्यों का हुआ अनुमोदन



### खनिज प्रतिष्ठान नरसिंहपुर मंडल की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल और अन्य जनप्रतिनिधि व मंडल के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में जिला खनिज प्रतिष्ठान नरसिंहपुर मंडल की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि डीएमएफ की कार्य योजना वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत दो करोड़ 9 लाख रुपये खर्च किये जाने थे। सभी की सहमति से डीएमएफ की कार्य योजना के तहत कुल एक करोड़ 95 लाख रुपये के कार्य किये जाने के लिए मंडल की बैठक में अनुमोदित किये गये। इन सभी कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत शासन का विभागीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिए डीएमएफ पोर्टल में अपलोड कर दिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि डीएमएफ की कार्य योजना वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत 50 लाख रुपये की लागत से गाडरवारा में मांस मछली मार्केट एवं अन्य कार्य, लगभग 50 लाख रुपये की लागत से तेंदूखेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा तेंदूखेड़ा कॉलेज की बाउंड्रीबाल निर्माण, लगभग 45 लाख रुपये की लागत से गोटेगांव में 100 बिस्तरीय अस्पताल का मरम्मत कार्य और लगभग 50 लाख रुपये की लागत से नरसिंहपुर डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम भवन की मरम्मत कार्य एवं आंतरिक साज-सज्जा के कार्य सहित कुल एक करोड़ 95 लाख रुपये के कार्य किये जाने के लिए मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत शुक्रवार को नरसिंहपुर गोटेगांव रोड पर सूरवारी एवं शेढ़ बेरखेड़ी के बीच पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो व्यक्ति की मौत हो गई है। तेज गति से आ रहे वाहन ने इतनी जोर से टक्कर मारी की मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियो को अत्यंत गंभीर चोटें पहुंची और और उनकी दुखद मौत हो गई। जिले के गोटेगांव मार्ग पर आज शाम पांच बजे सूरवारी और बेलखेडी सेढ गांव के बीच स्थित एक पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसायकल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ठेमी थाना क्षेत्र में सूरवारी और बेलखेडी सेढ गांव के बीच एक पुलिया के पास नरसिंहपुर से गोटेगांव की ओर आ रही मोटरसायकल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो



गई। मृतकों के शव गोटेगांव के मर्चुरी में आकर रखे गए हैं। मृतकों के पास मिले आधार कार्ड के अनुसार एक युवक का नाम तूफान सिंह निवासी गांव पिपरिया सूखा भारतपुर पुलिस थाना चरगुंवा जबलपुर और दूसरे का नाम छोटेलाल निवासी सगडा बिचैरी थाना चरगुंवा जिला जबलपुर निवासी है। इनके परिजनों को जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है।

## दिव्यांग छात्रावास में विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंह भवन के समीप संचालित दिव्यांग छात्रावास में नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मूक बधिर , नेत्र हीन, मंद बुद्धि बच्चों को उनके विशेषज्ञ की सहायता से विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2025 की थीम समावेश को सशक्त बनाना, सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटना विषय की जानकारी श्रीमती मुक्ति राय जिला संपर्क नरसिंह आनंद क्लब द्वारा दी गई। आनंदक शशिकांत मिश्र ने गरीबी से लड़ने, स्वयं को सक्षम बनाने और सामाजिक विकास के उत्थान में प्रत्येक बच्चें को आत्मनिर्भर बनने के लिए उत्साह वर्धन किया । आनंदक सत्यम नेमा ने रोचक गतिविधियां करवाई जिसमें यह सीख दी गई कि भले ही हम बाहर से अलग दिखते हैं पर अंदर से हम सब एक जैसे ही है। मास्टर्स ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने सामाजिक न्याय, समानता और निष्पक्षता सभी समुदाय के लिए आवश्यक मूल्य है पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आयोजन में जिला समन्वयक अंजू घाटे, जन प्रतीक दुबे आनंद दुबे के साथ वार्डन प्रमोद विश्वकर्मा, केयर टेकर द्वय अंशुल प्रजापति, रामकुमार विश्वकर्मा, रसोइया शीला झारिया, सहायक रसोइया सागर अग्रवाल का सराहनीय सहयोग रहा।

## जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां जल संरक्षण की दिशा में तरह तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर पानी कहीं नहीं दिख रहा है। गर्मी आते ही नदियां सूखने की स्थिति में आ गई है।जिन नदियों में पानी बचा है उनमें विद्युत मोटर पाइपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई जारी है। जिस कारण से नदियां सूखने से आसपास के हैंडपंपो ट्यूबबेलों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचने लगा है। समय रहते समुचित प्रयास नहीं किए गए तो नदियों में पानी भी नहीं बचेगा। मवेशियों को भी पीने पानी नहीं मिल पाएगा। तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया बरांझ नदी भी अब सूखने लगी हैं। वहीं गुटोरी के समीप पाड़ाझिर नदी पर वर्षो पूर्व बने स्टॉप डैम पर गेट न होने तथा नदी का कटाव हो जाने के कारण बरसाती पानी बह जाता है। ऐसी स्थिति में नदी में पानी नहीं बच रहा है। समीपी ग्राम इमझिरा नदी का लगातार कटाव होने के कारण पाट काफी चौड़ा होता चला जा रहा है।क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते ट्यूबबेलों के माध्यम से पानी को लेकर काफी परेशानी होती रही है यहां तक की मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। उक्त नदी पर स्टाप डेम बन जाता है तो काफी लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलता ।गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप खमरिया सहित विभिन्न स्थानों पर बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग लम्बे समय से जारी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में भी योजना समिति की बैठक में मांग रखी थी।बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है।ठंड के मौसम में ही जलस्त्रोत जबाब देने लगते हैं ।प्रमुखता से रखी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों क्षेत्रों गुजरने वाली विभिन्न क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाया जाना काफी लाभकारी सिद्ध होगें ।बशतें उन्हें बनाये जाने की पहल होना जरूरी है। संबंधित विभाग यदि इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो भी कुछ हद तक खेतों को पानी के साथ टयूबबेल के गड्ढों और घरेलू हैंडपंपों कुओं में पर्याप्त पानी रह सकता है। एक तरफ पानी की समस्या को लेकर आये दिन परेशानी का आलम देखा जाता है । ऐसे समय में छोटे-छोटे स्टाप डेम से किया गया जल संरक्षण लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

### गंगई टेकापार के बीच वर्ष भर रहता है पानी

नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई और टेकापार के बीच बहने वाली बरांझ नदी जिसमें वर्षभर पानी बहता है यदि इस नदी पर



दो तीन स्थानों पर स्टाप डेम बन जाते हैं तो गंगई और टेकापार के बाजू से लगे विभिन्न ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा।पूर्व में भी इस संबंध में लिखित ज्ञापन भी सौपा गया है। लेकिन अभी तक उचित निराकरण भी नहीं हो पाया हैं ।कृषकों ने स्टाप डेम बनाये जाने की मांग की है।

### तालाबों काहोउचित रख रखाव

तालाबों के संरक्षण तथा जमीनी जलस्तर बढ़ाये जाने की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों का उचित तरीके से रखरखाव न होने तथा उनमें कचरा डाले जाने वे नष्ट हो रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए नागरिक और जिम्मेदार दोनों बेखबर हैं। तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए भारी भरकम कागजो में तो खूब निकाली गई लेकिन धरातल पर आज एक भी तालाब नहीं बचा है और ना ही कहीं पानी देखने मिल रहा है।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी के ऊपर जानलेवा हमला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्टेशन थाने अंतर्गत गत दिवस कृषि उपज मंडी के पास स्थित धर्मकांटा पर राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सौरभ नोरिया पर ट्रक चालकों व कंडक्टरों ने राड, डंडों से हमला कर घायल कर दिया। सौरभ नोरिया धर्मकांटा पर सुरक्षा गार्ड का कार्य करता था। धर्मकांटा पर सुबह के करीब 9.00 बजे वह व्यवस्थित ट्रक की लाइन लगाने का कार्य करवा रहा था तभी इस बात को लेकर वाद विवाद हुआ और 10-15 ड्राइवर कंडक्टरों ने राड डंडे से सौरभ नोरिया के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोटे आई । घायल अवस्था मे उसे हंसराज हॉस्पिटल में भर्ती कराया मिली जानकारी अनुसार उसे हाथ मे फैक्चर और गर्दन व हाथ में चोट के निशान पाये गए हैं । घटना को लेकर पीड़ति के ऊपर समझौता करने का दबाव भी बनाया जा रहा है।

## कत्लखाने जा रहे 36 गौवंश को तस्करों से करवाया मुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**थाना डूण्डासिवनी व्दारा पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा अवैध गौ तस्करो के विरूध्द 7 अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशो के पालन मे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधीकारी श्रीमती पूजा पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी किशोर बामनकर के नेतृत्व मे विगत 18-19 फरवरी की दरमियानी रात थाना डूण्डासिवनी एवं बडोल पुलिस को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर ट्रक क्रमांक एम.एच.40 एन 6113 द्वारा अवैध रूप से गौवंश का परिवहन किया जा रहा है थाना डूण्डासिवनी एवं बंडोल पुलिस द्वारा राजस्थानी ढाबा के सामने नगझर बायपास में चैकिंग लागकर कंटेनर ट्रक क्रमांक एम.एच.40 एन 6113 एवं कार क्रमांक एम.एच.31 सीएम 3166 को राजस्थानी ढाबा के सामने नगझर बायपास के सामने पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर 36 नग मवेशी (गौवंश) होना पाया गया। मौके की कार्यवाही करते हुये गौवंश को गौशाला में सुरक्षित करवाया तथा आरोपियों माजिद खान पिता राजिक खान 41 वर्ष निवासी ग्राम सालई थाना बरघाट, मंसूर पिता इमदाद खान 32 वर्ष निवासी ग्राम सालई थाना बरघाट, इनायत खान पिता जाबीर खान 41 वर्ष निवासी बाजार चौक खवासा थाना कुरई, रिहान खान पिता जाबीर खान 41 वर्ष निवासी बस स्टैंड के पीछे वार्ड नं. 11 आयोध्या बस्ती बरघाट थाना बरघाट को गिर तार कर उनके विरूध्द गौवंश वध प्रति. अधि. धारा 4,6 /9म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि. 2004, 6, 7, 10 म. प्र. कृषक पशु परि.अधि. 11 ( 1 ) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधि. 325,3 (5) बीएनएस, 66 / 192,132 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत धाराओं में विवेचना में लिया गया है। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## गोरखपुर जा रही वैन में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**गोटेगांव। तहसील के अंतर्गत पुलिस थाना मुंगवानी के गोरखपुर जमुनिया रोड पर गुरुवार को एक स्कूली शिक्षकों को लेकर जा रही एक वेन में आग लग जाने से अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।**

बताया गया है एक निजी स्कूल की वैन जो प्रतिदिन शिक्षकों को नरसिंहपुर से गोरापुर लेकर जाती है। गुरुवार को भी जब वेन शिक्षकों को लेकर गोरखपुर जा रही थी तभी गैस लीक होने के कारण वेन में आग लग गई। आग लगते ही उसमें सवार सभी शिक्षक फटाफ नीचे उतर कर बाहर आ गए। जिससे वेन तो जल गई, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। गौरतलब है वर्तमान समय में गैस किट से संचालित होने वाले बहुत से वाहन निडर होकर चलाए जा रहे हैं। जिनमें घरेलू गैस गुपचुप तरीके से जोखिम उठा कर भरी जाती है। गोटेगांव में संचालित बहुत से प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को आने ले जाने का कार्य करने वाले वाहन गैस किट से चल रहे हैं। इस दिशा में पुलिस प्रशासन किसी प्रकार की कोई सत कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसलिए गांव स्तर से आने वाले स्कूल वाहन गैस किट से चलाए जा रहे है। जब किसी प्रकार का हादसा कहीं घटित हो जाता है। तब जाकर प्रशासन सक्रिय होता अन्यथा पहले से सभी खामोशी धारण किए रहते हैं।

### महिला सशक्तिकरण इंडिया फाउंडेशन

## कन्यादान के रूप में 1100 का चेक और सिलाई मशीन भेंट

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर की बेटी रजनी रजक की शादी में संस्था की ओर से कन्यादान के रूप में बेटी को 1100 कैश और रोजगार के लिए एक सिलाई मशीन घर घर जाकर सहायता की । परिवार के सभी सदस्य इस भेंट को पाकर काफी खुश हुए। इस मौके पर नरसिंहपुर से संस्था के कार्यकर्ता डॉक्टर प्रकाशचंद सोनी , रुखसाना बी,रोशनी मेहरा मौजूद रहे । इसी दिन संस्था की ओर से दूसरी जगह गांव रोसरा में उमा वंशकार की शादी में कन्यादान के रूप में 1100 चेक और रोजगार के लिए एक सिलाई मशीन भेंट की। और गांव राकाई में आसमा बानो की शादी में कन्यादान के रूप में 1100 चेक और एक पानी का थरमस और कांच की कटोरी का एक सेट वितरण किया और गांव कठौतिया में कविता की शादी में कन्यादान के रूप में 1100 चेक और एक पानी का थरमस और कांच की कटोरी का एक सेट वितरण किया और गांव रानी पिपरिया में रीना लोधी के कन्या का जन्म होने पर 1100 चेक और कन्या की परवरिश के लिए एक पालन वितरण किया। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ता इकबाल खान,भगवती वंशकार, आदि उपस्थित रहे।

